REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

समय : 15 मिनट

हिन्दी आलोचना - 03

अंक : 10

1. रससिद्धान्त में पूर्ण निष्ठा रखने वाला आलोचक कौन है ?
a) डॉ॰ नामवर सिंह b) मुक्तिबोध c) डॉ॰ नगेन्द्र d) अज्ञेय

2. "डॉ॰ नगेन्द्र रससचेता तथा रस द्रष्टा हैं।" किसने कहा ?
a) जयशंकर प्रसाद b) निराला c) महादेवी वर्मा d) पंत

3. 'भारतीय चिंता का स्वाभाविक विकास' डॉ॰ हजारी प्रसाद द्विवेदी के किस ग्रंथ का भाग है ?
a) हिन्दी साहित्य की भूमिका b) हिन्दी साहित्य का आदिकाल
c) मध्यकालीन धर्मसाधना d) नाथ सम्प्रदाय

4. "कुण्ठा की प्रेरणा प्रथम श्रेणी के काव्य को जन्म नहीं दे सकती।" किसने कहा है ?
a) नागार्जुन b) डॉ॰ नगेन्द्र c) अज्ञेय d) रामविलास शर्मा

5. 'अरस्तू का काव्यशास्त्र' आलोचनात्मक कृति का लेखक कौन है ?
a) भारतेन्दु b) इन्द्रनाथ मदान c) डॉ॰ नगेन्द्र d) डॉ॰ नामवर सिंह

6. 'नयी समीक्षा : नए संदर्भ' आलोचनात्मक कृति का लेखक कौन है ?
a) अज्ञेय b) मुक्तिबोध c) अशोक वाजपेयी d) डॉ॰ नगेन्द्र

7. 'साकेत : एक अध्ययन' किसकी रचना है ?
a) रामचन्द्र शुक्ल b) देवराज c) डॉ॰ नगेन्द्र
d) इलाचन्द्र जोशी

8. निम्नलिखित आलोचना ग्रंथों का प्रकाशनकाल की दृष्टि से सही अनुक्रम कौन-सा है?

a) सुमित्रानन्दन पंत, आधुनिक हिन्दी नाटक, विचार और अनुभूति
b) विचार और अनुभूति, आधुनिक हिन्दी नाटक, सुमित्रानन्दन पंत
c) आधुनिक हिन्दी नाटक, सुमित्रानन्दन पंत, विचार और अनुभूति
d) विचार और अनुभूति, सुमित्रानन्दन पंत, आधुनिक हिन्दी नाटक

9. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आलोचनात्मक कृतियों का सही क्रम है:

a) हिन्दी साहित्य का इतिहास, भ्रमरगीत सार, जायसी ग्रन्थावली, तुलसी ग्रंथावली
b) तुलसी ग्रंथावली, जायसी ग्रन्थावली, भ्रमरगीत सार, हिन्दी साहित्य का इतिहास
c) जायसी ग्रन्थावली, तुलसी ग्रन्थावली, हिन्दी साहित्य का इतिहास, भ्रमरगीत सार
d) भ्रमरगीत सार, हिन्दी साहित्य का इतिहास, जायसी ग्रंथावली, तुलसी ग्रन्थावली

10. "कविता का सम्बन्ध ब्रह्म की व्यक्त सत्ता से है।" - यह कथन किस आलोचक का है?

a) डॉ. नगेन्द्र b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
c) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी d) डॉ. रामविलास शर्मा

—o—